मेरी माटी मेरा देश के तहत कलश यात्रा|

मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत कलश यात्रा का हुआ आयोजन

चेतना कार्यालय

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत आज मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, कॉलेज के प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सभी ने अपने-अपने घरों से लायी हुई मिट्टी और चावल को हाथ में लेकर पंच प्राण प्रतिज्ञा लिया तथा उसके उपरांत सभी ने कलश में मिट्टी एवं चावल को एकत्रित करके एकता एवं अखंडता को कायम बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान एवं त्याग को याद किया तथा उनके संघर्ष के बारे में सभी स्वयंसेवकों को संबोधित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज यादव ने सभी को पंच प्राण प्रतिज्ञा दिलाई। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राध्यापक डॉ एमपी यादव, डॉ ए के पांडेय, डॉ डीएन सिंह, डॉ पी के राजपूत, डॉ ज्योति भदौरिया, डॉ प्रकाश दुबे, लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद, आकाश चौधरी विनय शुक्ला अरविंद मिश्रा अनुज कुमार राजकुमार वर्मा गजेंद्र सिंह के साथ 98 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

11/10/23
14:03